Topic-49

घुसंज्ञक धातुएँ तथा णिजिर् शौचपोषणयोः

दाधा घ्वदाप् ।

दारूपा धारूपाश्च धातवो घुसंज्ञाः स्युर्दाप्-दैपौ विना । घ्वसोः – ० इत्येत्वम् - देहि । दत्तम् । अददात् । अदत्त । दद्यात् । ददीत । देयात् । दासीष्ट । अदात् । अदाताम् । अदुः ।

डुदाञ्, दाण्, दो, देङ्, डुधाञ् और धेट् - इन छः धातुओं की 'घुसंज्ञा' होती है। 'घुसंज्ञा' होने पर इन धातुओं से क्रियान्वयन में ईकारादेश आदि 'घुसंज्ञा' - विषयक कार्य होते हैं। उदाहरण के लिए लोट् लकार के मध्यमपुरुष-एकवचन में 'दा' धातु से 'सिप्' तथा उसके स्थान पर 'हि' आदि अन्य कार्य होकर 'द दा हि' रूप बनता है। यहाँ प्रकृत सूत्र से 'दा' घुसंज्ञक है, अतः घ्वसोरेद्धावभ्यासलोपश्च से 'दा' के आकार के स्थान पर एत्व तथा अभ्यास 'द' का लोप होकर 'द् ए हि' = 'देहि' रूप सिद्ध होता है।

स्थाघ्वोरिच्च ।

अनयोरिदन्तादेशः सिच्च कित् स्यादात्मनेपदे । अदित । अदास्यत् । अदास्यत । डुधाञ् धारण-पोषणयोः । दधाति ।

दधस्तथोश्च ।

द्विरुक्तस्य झषन्तस्य धाञो बशो भष् स्यात्तथोः स्ध्वोश्च परतः । धत्तः । दधति । दधासि । धत्थः । धत्थ । धत्से । दधाते । दधते । धत्से । धद्ध्वे । घ्वसोरेद्धावभ्यासलोपश्च - धेहि । अदधात् । अधत्त । दध्यात् । दधीत । धेयात् , धासीष्ट । अधात् । अधित । अधास्यत् , अधास्यत

णिजिर् शौचपोषणयोः : वा॰ इर इत्संज्ञा वाच्या ।

णिजां त्रयाणां गुणः श्लौ ।

णिज् विज् - विषाम्भ्यासस्य गुणः स्यात् श्लौ । नेनेक्ति । नेनिक्तः । नेनिजति । नेनिक्षे । निनेज । निनिजे । नेक्ता । नेक्ष्यति, नेक्ष्यते । नेनेक्तु । नेनिग्धि ।

लघूपधगुणो न स्यात् । नेनिजानि । नेनिक्ताम् । अनेनेक् । अनेनिक्ताम् । अनेनिजुः । अनेनिजम् । अनेनिक्त । नेनिज्यात् । निज्यात् । नेनिजीत । निक्षीष्ट ।

इरितो वा ।

इरितो धातोश्च्लेरङ् वा परस्मैपदेषु । अनिजत्, अनैक्षीत् । अनिक्त । अनेक्ष्यत्, अनेक्ष्यत ।

परस्मैपद परे होने पर इरित् धातु के बाद 'च्लि' के स्थान पर विकल्प से 'अङ्' आदेश होता है। अनेकाल् शित् सर्वस्य, परिभाषा से यह आदेश सम्पूर्ण 'च्लि' के स्थान पर होगा।

उदाहरण के लिए, लुङ् लकार के प्रथमपुरुष - एकवचन में 'णिजिर्' धातु से अट्, तिप् और च्लि होकर 'अनिज् च्लि ति' रूप बनता है। यहाँ 'णिज्' धातु इरित् है क्योंकि मूल 'णिजिर्' में 'इर्' की इत्संज्ञा होकर उसका लोप हो जाता है। अतः परस्मैपद प्रत्यय 'तिप्' परे होने के कारण प्रकृत सूत्र से 'अनिज्' के बाद 'च्लि' के स्थान पर 'अङ्' हो जाता है और रूप बनता है 'अनिज अ ति'। 'अङ्' के ङित् होने के कारण यहाँ गुण - वृद्धि आदि कार्य भी नहीं होते। 'तिप्' के इकार का लोप करने पर 'अनिजत्' रूप होता है। अङ् के अभाव - पक्ष में इडागम आदि होकर 'अनैक्षीत्' रूप बन